

# ऋषभ पंत फ्रैक्चर से वेस्टइंडीज दौरे से बाहर

- दो टेस्ट मैचों की सीरीज से टीम इंडिया को बड़ा झटका
- डॉक्टरों ने छह सप्ताह आराम की दी सलाह

- 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में सीरीज की शुरुआत

**चेन्नई, 22 सितम्बर. भारतीय क्रिकेट टीम के उप-कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार, इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के दौरान उनके पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था, जिससे उन्हें ठीक होने के लिए छह सप्ताह के आराम की सलाह दी गई है.**

अहमदाबाद में 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पंत के अनुपस्थित रहने से टीम को बड़ा झटका लगा है. इंग्लैंड दौरे पर चौथे टेस्ट के दौरान क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स-स्वीप करने की कोशिश में पंत को यह चोट लगी थी.

हालांकि वे बाद में बल्लेबाजी करने के लिए लौटे थे, लेकिन पांचवें टेस्ट से उन्हें बाहर कर दिया गया था.

> पंत की जगह टीम में ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के चौथे और पांचवें टेस्ट में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी. जुरेल इस समय भारत ए टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जो लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरा अनौपचारिक टेस्ट खेल रही है. इंग्लैंड दौरे पर पंत के बैकअप के रूप में टीम में शामिल किए गए एन. जगदीशन को भी दोबारा स्क्वाड में जगह मिल सकती है.

## सैफ अंडर 17 फुटबॉल

- भारत ने पाकिस्तान को 3-2 से दी शिकस्त
- डल्लालमुओन गांगटे ने पहला गोल दागा
- पाकिस्तान के अब्दुल्ला ने पेनल्टी से बराबरी की
- वांगखेइरकपम



# भारत ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को हराया

**कोलंबो, 22 सितंबर. भारत ने सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के बेहद रोमांचक मुकाबले में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3-2 से हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी. यह मैच दोनों टीमों के सेमीफाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लेने के कारण औपचारिक था, लेकिन इसके बावजूद दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जैसा कि भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में हमेशा होता है.**

मैच के 31वें मिनट में भारत ने डल्लालमुओन गांगटे के शानदार गोल से 1-0 की बढ़त हासिल की, जो एक बेहतरीन टीम प्रयास का नतीजा था. लेकिन 43वें मिनट में पाकिस्तान के मोहम्मद अब्दुल्ला ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. इस गोल के बाद अब्दुल्ला का अनोखा %चाय पीने% का जश्न चर्चा का विषय बन गया, जिसमें वह अपने साथियों के साथ एक उकसाने वाली मुद्रा में जश्न मनाते नजर आए.

दूसरे हाफ में भी मुकाबला बेहद रोमांचक बना रहा. खेल की गति तेज थी और दोनों टीमें लगातार एक-दूसरे पर हमला कर रही थीं. भारत के गुनलेइबा वांगखेइराकपम ने 63वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिक सकी, क्योंकि पाकिस्तान के हमजा यासिर ने सात मिनट बाद ही बराबरी का गोल दाग दिया, जिससे मैच में फिर से तनाव बढ़ गया.

मैच का निर्णायक क्षण 73वें मिनट में आया, जब रहाम अहमद ने शानदार तालमेल के साथ गोल कर भारत को 3-2 की निर्णायक बढ़त दिला दी. इसके बाद भारतीय रक्षापंक्ति ने अपनी पूरी ताकत से पाकिस्तान के हमलों को रोका और उन्हें बराबरी करने का कोई मौका नहीं दिया. अंतिम क्षणों में भी भारतीय डिफेंस चट्टान की तरह खड़ा रहा और टीम ने यह महत्वपूर्ण जीत दर्ज की.

> यह जीत पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहम द्वारा दुबई में भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर चार मैच के दौरान किए गए उकसाने वाले इशारों के ठीक एक दिन बाद आई. भारतीय युवा फुटबॉल टीम ने श्रीलंका की राजधानी में मिली इस जीत के साथ पाकिस्तान को एक और शिकस्त दी है, जिसे कई लोग क्रिकेट मैच में हुए विवाद का एक शानदार जवाब मान रहे हैं.

# टेलर फ्रिट्ज की जीत से टीम वर्ल्ड चैंपियन

## लेवर कप 2025 : निर्णायक प्रदर्शन से टीम वर्ल्ड ने जीता तीसरा खिताब

**सैन फ्रांसिस्को, 22 सितम्बर. टेलर फ्रिट्ज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम वर्ल्ड ने रविवार को लेवर कप के फाइनल में टीम यूरोप को 15-9 से हराकर खिताब पर फिर से कब्जा कर लिया. यह टीम वर्ल्ड की आठ संस्करणों में तीसरी जीत थी, जिसने 2022 और 2023 के बाद लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया.**



जीत का निर्णायक मैच फ्रिट्ज ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ 6-3, 7-6 (4) से जीतकर टीम वर्ल्ड की जीत पक्की की. इस जीत के बाद चेस सेंटर में कप्तान आंद्रे अगासी की टीम ने जोरदार जश्न मनाया. फ्रिट्ज ने जीत के बाद कहा, टीम की ऊर्जा अद्भुत थी... जीत के पल और भी बेहतर महसूस होते हैं और हार के पल बहुत खराब लगते हैं. आप यह सब अपनी टीम के लिए करते हैं. यह मुझे बहुत प्रेरित करता है. मुझे हमेशा लगता है कि मैं टीम के माहौल में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलता हूं.

> टीम वर्ल्ड ने शनिवार को सभी मैच जीतकर 9-3 की बड़ी बढ़त बना ली थी. हालांकि, फाइनल दिन हर जीत तीन अंकों की होने के कारण मुकाबला अभी भी खुला था. टीम यूरोप के कार्लोस अल्काराज ने नॉर्वे के कैस्पर रूड के साथ मिलकर अमेरिकी जोड़ी एलेक्स माइकलसन और रेली ओपेल्का को 7-6(4), 6-1 से हराकर वापसी की उम्मीद जगाई. हालांकि, टीम यूरोप की मुश्किलें तब बढ़ गईं जब ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने चेक खिलाड़ी जैकब मेनसिक को 6-3, 6-4 से हरा दिया.

# सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट 23 अक्टूबर से

- सुरजीत हॉकी सोसाइटी व अधिकारियों ने की बैठक
- सरकार ने टूर्नामेंट से पहले दिया आश्वासन

**जालंधर, 22 सितंबर (वार्ता) सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर के महासचिव सुरिंदर सिंह भापा और मुख्य कार्यकारी अधिकारी इकबाल सिंह संधू ने सोमवार को स्थानीय सुरजीत हॉकी स्टेडियम में हॉकी पंजाब के**

बैठक के दौरान अगले महीने होने वाले 42वें सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गयी. यह टूर्नामेंट इस वर्ष 23 अक्टूबर से एक नवंबर, 2025 तक स्थानीय सुरजीत हॉकी स्टेडियम, बुलर्टन पार्क, जालंधर में आयोजित किया जा रहा है.

श्री कोहली ने कहा कि पंजाब सरकार ने सुरजीत हॉकी स्टेडियम में पुरानी और क्षतिग्रस्त फ्लड लाइट्स को एलईडी लाइट से बदलने की सुरजीत हॉकी सोसाइटी की लंबे समय से लंबित मांग को स्वीकार कर लिया है. उन्होंने सुरजीत हॉकी सोसाइटी को आश्वासन दिया कि ये एलईडी फ्लड लाइट्स 42वें सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट से पहले 10 अक्टूबर, 2025 तक लगा दी जायेंगी.

श्री कोहली ने सुरजीत हॉकी सोसाइटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान ओलंपियन सुरजीत सिंह की विरासत को कायम रखने के लिए बेहतरीन काम कर रहे हैं. उन्होंने सोसाइटी की सुरजीत हॉकी अकादमी की भी प्रशंसा की.



# केएल राहुल प्राइम वॉलीबॉल लीग में गोवा गार्डियंस से जुड़े

- पीवीएल सीजन 4 में नई ऊर्जा के साथ उतरेगी टीम
- प्राइम वॉलीबॉल लीग 2 अक्टूबर से हैदराबाद में

**पणजी, 22 सितम्बर. भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल, स्कैपिया द्वारा संचालित आरआर केबल प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के चौथे सीजन से पहले गोवा गार्डियंस के स्वामित्व समूह में शामिल हो गए हैं.**

आगामी लीग का चौथा संस्करण 2 अक्टूबर से हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में शुरू होगा.

राहुल ने कहा कि वह वॉलीबॉल को वह पहचान दिलाना चाहते हैं जिसका वह हकदार है. उन्होंने कहा, वॉलीबॉल को सुर्खियों में लाना और इसे टीवी पर दिखाना महत्वपूर्ण है ताकि अधिक लोग इसे देख सकें और इस खेल से प्यार कर सकें. मैं गोवा गार्डियंस के साथ जुड़कर न केवल एक समर्थक के रूप में, बल्कि एक सह-मालिक के रूप में भी रोमांचित हूं. वॉलीबॉल हमेशा से एक ऐसा खेल रहा है जिसका मैंने आनंद लिया है.

> गोवा गार्डियंस के प्रमुख मालिक राजू चेकुरी ने कहा, हमें केएल राहुल के हमारे स्वामित्व समूह में शामिल होने पर बेहद खुशी है. वॉलीबॉल के प्रति उनका जुनून और इसकी क्षमता में उनका विश्वास हमें एक ऐसी फ्रैंचाइज़ी बनाने में मदद करेगा जो प्रशंसकों को प्रेरित करे और एथलीटों को सशक्त बनाए.

## एक नजर में

### प्रयागराज में होगा संगम प्रीमियर लीग का आगाज

**प्रयागराज.** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर 16 नवंबर को प्रयागराज में शुरु होने वाली संगम प्रीमियर लीग (एसपीएल) में छह फ्रेंचाइजी टीमें आपस में भिड़ेंगी. इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन और स्पोर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी ने सोमवार को पहली बार होने वाली इस लीग के आयोजन की घोषणा की. प्रतियोगिता के सभी मैच केपी इंटर कॉलेज ग्राउंड पर खेले जायेंगे. एसपीएल के पहले संस्करण में छह फ्रेंचाइजी टीमें गंगा जमुना इलेवन, सिविल लाइंस इलेवन, फूलपुर इलेवन, नैनी इलेवन, झूंसी इलेवन और फाफामऊ इलेवन हिस्सा लेंगी. इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक डॉ. सुरेश द्विवेदी ने बताया कि स्थानीय क्रिकेट और क्रिकेटरों के उत्थान के उद्देश्य ये यह कैश-रिच लीग क्वाड स्पोर्ट्स (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी) के सहयोग से आयोजित हो रही है. 14 दिवसीय इस लीग में कुल 18 मैच खेले जाएंगे जिसकी शुरुआत 16 नवंबर को होगी और और 27 नवंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा. रंगीन कपड़ों में सफेद गेंद से खेली जाने वाली इस लीग के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन जल्द शुरु होगा और इच्छुक क्रिकेटरों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर तय की गयी हैं. इसके बाद छह फ्रेंचाइजी टीमों के लिए ट्रायल्स होंगे और सात नवंबर को खिलाड़ियों का ड्राफ्ट आयोजित होगा. रणजी टीम के सफल कप्तान रहे ज्ञानेंद्र पाण्डेय संगम प्रीमियर लीग के ब्रांड एबेंसडर बनाए गए है.

# कोरिया ओपन प्रणय और आयुष करेंगे भारत की अगुवाई

- प्रणय क्वालीफायर से करेंगे अभियान की शुरुआत
- आयुष शेट्टी का पहला मुकाबला सू ली यांग से

**सुवन, 22 सितम्बर. इस सीजन में अपनी लय तलाश रहे एचएस प्रणय और उभरते हुए सितारे आयुष शेट्टी मंगलवार से शुरू हो रहे 4,75,000 अमेरिकी डॉलर के कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे.**

हांगकांग और चाइना मास्टर्स के फाइनल में लगातार दो बार पहुंचकर भारत के सीजन को नई जान देने वाली पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी इस सप्ताह के इवेंट में नहीं खेलेंगे. इसलिए, सभी की निगाहें प्रणय और आयुष पर होंगी.




विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय ने इस सीजन में जल्दी बाहर होने का सामना किया है, लेकिन उन्होंने शीर्ष विरोधियों को कड़ी टक्कर दी है. चीन के लु गुआंग जू के खिलाफ उनकी जीत और लक्ष्य सेन तथा एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ करीबी हार इस बात का सबूत है कि वह अभी भी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती दे सकते हैं. 33 वर्षीय प्रणय टूर्नामेंट में एक क्वालीफायर के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और दूसरे दौर में उनका मुकाबला चीनी ताइपे के दिग्गज खिलाड़ी चोऊ तिएन चेन से होने की संभावना है.

> आयुष शेट्टी इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं, जिन्होंने यूएस ओपन का खिताब जीता था. 22 वर्षीय इस खिलाड़ी ने उसके बाद जापान के कोडाई नाराओका, चोऊ तिएन चेन, कनाडा के ब्रायन यांग, किदांबी श्रीकांत, पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन येव और डेनमार्क के रासमुस गेम्के जैसे खिलाड़ियों को हराकर अपनी पहचान बनाई है.

## प्रेरणा | तमिल थलाइवाज से अहम मुकाबले से पहले दिया संदेश

# हार भूलकर आगे बढ़े टीम : उपेंद्र मलिक

**जयपुर, 22 सितम्बर. यूपी योद्धा के सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा है कि टीम को पिछली हार पर ध्यान न देते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है. यूपी योद्धा सोमवार को जयपुर के एसएमएस इंडोर स्टेडियम में तमिल थलाइवाज से मुकाबला करेगा.**

यूपी योद्धा का अब तक का अभियान बेहद मुश्किल रहा है, उन्होंने अपने छह मैचों में केवल चार अंक ही जुटाए हैं. वे लगातार चार मैच हार चुके हैं और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उन पर जल्द से जल्द स्थिति बदलने का दबाव है. सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने स्वीकार किया कि हालिया नतीजे टीम के लिए कठिन रहे हैं, लेकिन उन्होंने शिविर के भीतर सकारात्मक माहौल बनाए रखने के महत्व पर बल दिया. बंगाल वॉरियर्स से हार के बाद मलिक ने कहा, एक कोच के तौर पर, यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि टीम सकारात्मक सोच में रहे, खासकर मुश्किल दौर में. खिलाड़ियों को यह विश्वास होना चाहिए कि हर नया मैच एक नया अवसर है. पिछली हारों पर ध्यान देने से कोई फायदा नहीं होगा, इसलिए हमारा




ध्यान हमेशा आगे बढ़ने पर है.

वॉरियर्स के खिलाफ मैच को याद करते हुए, मलिक ने बताया, हमारी शुरुआत अच्छी रही और शुरुआती दौर में हमारे डिफेंस ने जिस तरह से काम किया, उससे मैं खुश हूँ. लेकिन जब मैच नज़दीकी दौर में होता है, तो धैर्य ही सबसे ज़रूरी होता है. कुछ मौकों पर हम थोड़ा संयम खो बैठे और उन गलतियों की वजह से हमें अंक गँवाने पड़े. उदाहरण के लिए, कुछ रेडर्स ने अनावश्यक जोखिम लिए, जिससे वे आउट हुए, जबकि डिफेंडर्स ने जल्दबाजी में टैकल करने की कोशिश की, जिससे टीम को महत्वपूर्ण अंक गंवाने पड़े. अगर हमने थोड़ा और अनुशासन और संयम दिखाया होता, तो मैच हमारे पक्ष में जा सकता था.

> मलिक ने आगे कहा कि पीकेएल जैसी प्रतिस्पर्धी लीग में निरंतरता और एकाग्रता बेहद जरूरी है. उन्होंने जोर देकर कहा, आप केवल कुछ हिस्सों में अच्छा खेलकर जीत की उम्मीद नहीं कर सकते, चाहे वह पांच, 10 या 20 मिनट ही क्यों न हों. कबड्डी में पूरे 40 मिनट तक खेल पर ध्यान केंद्रित रखना ज़रूरी है. डिफेंस और ऑफेंस, दोनों को पूरे समय एक साथ काम करना होगा. एक भी चूक मैच का रुख बदल सकती है. इसलिए मैं खिलाड़ियों से कहता रहता हूं कि भले ही हमने कुछ हिस्सों में अच्छा खेला हो, लेकिन अगर हम हार गए तो यह मायने नहीं रखता.

# दिव्या देशमुख को एफआईडीई विश्व कप वाइल्डकार्ड

## 31 अक्टूबर से गोवा में होगा 11वां नॉकआउट टूर्नामेंट

**चेन्नई, 22 सितम्बर. मौजूदा एफआईडीई महिला विश्व कप विजेता, ग्रैंड मास्टर दिव्या देशमुख को गोवा में होने वाले एफआईडीई विश्व कप 2025 के लिए वाइल्डकार्ड दिया गया है. यह 11वां एकल-उन्मूलन शतरंज टूर्नामेंट 31 अक्टूबर से 27 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा.**



- मौजूदा महिला विश्व कप विजेता हैं दिव्या देशमुख
- अंतिम समय में प्रतिभागी के हटने से मिला मौका

भारतीय ग्रैंडमास्टर को यह अवसर तब मिला जब एक प्रतिभागी ने अंतिम समय में अपना नाम वापस ले लिया. इससे पहले, जू वेंजुन और हाउ यिफ़ान ने भी निमंत्रण अस्वीकार कर दिया था. 19 वर्षीय दिव्या ने हाल ही में एफआईडीई ग्रैंड स्विस 2025 के ओपन सेक्शन में भाग लिया था, जहां उन्होंने 11 मैचों में दो जीत और छह ड्रॉ दर्ज किए थे. वह विश्व चैंपियन डी. गुकेश के नेतृत्व में इस नॉकआउट टूर्नामेंट में भाग लेने वाले 20 अन्य भारतीयों में से एक होंगी. विश्व कप हर दो साल में होता है और इसमें 206 शीर्ष खिलाड़ी नॉक-आउट फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करते हैं. इस टूर्नामेंट में 2026 के कैंडिडेट्स के लिए तीन शीर्ष स्थान भी दांव पर होंगे, जो विश्व चैंपियन के चैलेंजर का निर्धारण करेंगे.